योगी सरकार की बड़ी पहल, कारीगरों को मिलेगा रोजगार

# सरकार एक लाख कुशल कारीगरों को टैबलेट देगी

**फैसला**

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही आम लोगों के साथ-साथ स्किल्ड वर्कर्स को बड़ा तोहफा देने वाले हैं। स्किल्ड वर्कर्स को सर्विस देने के लिए एक लाख निःशुल्क टैबलेट दिए जाएंगे तो आम लोगों को रोजमर्रा की सेवाओं के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

कौशल विकास मिशन के तहत तैयार किए गए वेब पोर्टल (**www.sewamitra.up.gov.in**) के अलावा एप और कॉल सेंटर 155330 के माध्यम से लोगों को रोजमर्रा से जुड़ी सेवाएं दी जा रही हैं। इससे एक तरफ लोगों को रोजमर्रा की सेवाओं के लिए परेशान नहीं होना पड़ रहा है तो दूसरी तरफ स्किल्ड वर्कर्स को रोजगार मिल रहा है। स्किल्ड वर्कर्स रोजगार के लिए पोर्टल पर ही आवेदन कर सकते हैं। कौशल विकास मिशन की ओर से उन्हें ट्रेनिंग दिलाई जाएगी।

कौशल विकास मिशन के निदेशक कुनाल सिल्कू ने बताया कि सरकार की ओर से आम लोगों और स्किल्ड वर्कर्स के लिए बहुत अच्छी सेवा शुरू की गई है। सर्विस बुक करते ही प्रोवाइडर और रेट आ जाता है।

उन्होंने बताया कि श्रम विभाग की ओर से अधिक से अधिक स्किल्ड वर्कर्स को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से 26 जिलों में सेवा मित्र सेवा की शुरुआत की गई है, जिसका अभी ट्रायल चल रहा है और जल्द ही शेष सभी जिलों में इसे शुरू किया जाएगा। इसके लिए 50 सीटर कॉल सेंटर तैयार किया गया है।

## यहां मिल रहीं सेवाएं

आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, बाराबंकी, बरेली, बिजनौर, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, गाजीपुर, गोरखपुर, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, कानपुर नगर, ललितपुर, लखनऊ, मथुरा, मेरठ, मीरजापुर, पीलीभीत, प्रतापगढ़, प्रयागराज, सहारनपुर, सुल्तानपुर, उन्नाव और वाराणसी।

## ये सुविधाएं मिलेंगी

पोर्टल, ऐप और काल सेंटर के माध्यम से एसी की सर्विस और रिपेयर, उपकरण की मरम्मत, कार रिपेयर और सर्विस, कारपेंटर, सफाई और डिस इंफेक्शन और नर्सिंग सर्विसेज, प्लंबर, आरओ सर्विस और रिपेयर तथा महिलाओं और पुरुषों के लिए नाई आदि सेवाएं उपलब्ध हैं।

**सम्पर्क करें**

**155330**- नंबर कॉल सेंटर, एप और वेब पोर्टल पर करना होगा संपर्क